# ALL INDIA GOVERNMENT DRIVERS' FEDERATION

**(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12) Regd. Add. : B-8, Shastri Gali, Vill. Dayal Pur, N.D.-110094**
**(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt.)**

*President :*
**Milan Raj Banshi**
(M) 09436001452
Kohima Post Box - 770, Nagaland-797001
Email : milanrajbanshi8@gmail.com

*Secretary General :*
**Narender Singh (Delhi)**
(M) 9210274309
Off. Tel. No. : 23378128
E-mail : aigdf16@gmail.com

Ref. No. AIGDF/2020/624 Date. 10/01/2020

साथियों,

फेडरेशन की कार्यकारिणी ने श्री विनोद कुमार अग्रवाल को राजस्थान में हुई बैठक के बाद श्री मिलन राज वंशी, राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था । नियुक्ति के बाद चुनाव अधिकारी ने 04–01–2020 को विशेष आम सभा की बैठक बुलाने के लिये दिनांक 06–12–19 चुनाव नोटिस जारी किया था । जिस पर सभी राज्य समितियॉ और पदाधिकारी पूर्ण रूप से सहमत थे । फलस्वरूप निर्वाचन प्रक्रिया के अंतगर्त अध्यक्ष पद के लिये चार, महासचिव पद के लिये एक, कोषाध्यक्ष पद के लिय दो और क्षेत्रानुसार कार्यकारिणी सदस्यो पंजाब, तेलगांना और मणिपुर के प्रतिनिधियों से चुनाव अधिकारी को नामांकन प्राप्त हुये ।

साथियों, यह विशेष आमसभा बैठक चुनाव अधिकारी द्वारा बुलाई गई थी और इसमें ऐजेन्डे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया ही पूरी की जानी थी । चुनाव अधिकारी की अनुमति एवं अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार सर्वप्रथम फेडरेशन को आंवटित कार्यलय का शिलान्यास माननीय श्री के.पापाराव के कर कमलो द्वारा कराया गया ।

साथियों, चुनाव अधिकारी ने प्राप्त नामांकन पत्रों में से अध्यक्ष पद के लिये प्राप्त नामांकन पत्रों में से दो (श्री सुरेन्द्र कुमार सिहॅ और श्री जय प्रकाश यादव, दोनो उतर प्रदेश से ) और कोषाध्यक्ष पद के लिये प्राप्त एक नामांकन पत्र (श्री विजय राम, उतर प्रदेश) को जांच के बाद निरस्त कर दिया जिसकी रिर्पोट दिनांक 30–12–19 को वेबसाईट व व्हाटसएप पर डाल दी गई थी । जिन पदो पर एक से अधिक नामांकन पत्र प्राप्त नही हुये ऐसे पदो पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा 04 जनवरी 2020 को चुनाव अधिकारी द्वारा कर दी गई । चुनाव अधिकारी ने सभी मतदाताओ से अध्यक्ष पद के लिये मतदान करने का अनुरोध किया ।

साथियों, चुनाव अधिकारी महोदय ने चुनाव को शांति पूर्वक और नियमानुसार सम्पन्न कराने और रिर्पोटे तैयार करने के लिये पॉच सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किये थे जिनमें चार चालक व एक

टाइपिस्ट थे । चालको में नियुक्त सहायक चुनाव अधिकारियों में श्री कुलवंत सिहँ ढिल्लो पंजाब, श्री महेश शर्मा, राजस्थान, श्री नरेश कुमार राणा, दिल्ली एवं श्री राधेश्याम दिल्ली थे । श्री कुलवंत सिहँ ढिल्लो एवं श्री महेश शर्मा, चुनाव अधिकारी के आग्रह पर तुरंत सहायक चुनाव अधिकारी के पद पाने के लिये चुनाव अधिकारी के बराबर वाली कुर्सी पर आसीन हो गये । श्री कुलवंत सिहँ ढिल्लो एवं श्री महेश शर्मा, सेवानिवृत चालक होते हुये भी उन्हे सम्मान देने के उद्देश्य से सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था परन्तु श्री महेश शर्मा ना तो सहायक चुनाव अधिकारी पद की गरिमा रख पाये और ना ही चुनाव पूर्ण कराने में सहयोग दिया अपितु सदस्यता शुल्क के भुगतान के दोषी राज्यों और बिन बुलाये लोगो के साथ मिलकर आप सब के समक्ष बैठक का माहौल खराब किया । आपने यह भी देखा की उतर प्रदेश से श्री सुरेन्द्र कुमार सिहँ, श्री विजय राम, श्री जयप्रकाश यादव, श्री गौरखनाथ मिश्रा, श्री मैसी एवं अन्य बैठक में उपद्रव के उद्देश्य से आये थे क्योकि इनमें से कोई भी मतदाता नही था और ना ही फेडरेशन या चुनाव अधिकारी द्वारा बुलाये गये थे क्योकि श्री सुरेन्द्र कुमार सिहँ, श्री विजय राम, श्री जयप्रकाश यादव के नामांकन पहले ही चुनाव अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिये गये थे जिसकी सूचना व्हाटसएप ग्रुपों एव वेबसाईट के माध्यम से दे दी गई थी और ये लोग कोर्ट जाने की धमकी दे रहे थे ।

साथियों, बैठक हाल में उपस्थित कुछ लोगो ने श्री विनोद कुमार अग्रवाल की नियुक्ति पर प्रश्न चिन्ह लगाया जिसका उतर कार्यकारिणी ने मौके पर दिया कि चुनाव अधिकारी की नियुक्ति फेडरेशन द्वारा की गई है और चुनाव अधिकारी फेडरेशन के उपनियमों के अनुसार चुनाव कराने के लिये बाध्य है । बैठक हाल में उपस्थित लोगो ने अध्यक्ष पद के लिये आपसी सहमति बनाने की पूरी कोशिश की परन्तु अध्यक्ष पद के किसी भी एक उम्मीदवार के नाम पर सहमति नही बन पाई । चुनाव अधिकारी ने पुनः अनुरोध किया की ऐसी स्थिति में मतदान के अलावा कोई चारा नही है अतः सभी को मतदान के लिये नीचे चालक कक्ष में आमंत्रित किया ।

साथियो, बैठक हाल में उपस्थित बिन–बुलाए लोगो के साथ मिलकर अयोग्य मतदाताओ ने शोर–शराबा शुरू कर दिया और चुनाव अधिकारी के खिलाफ भी अभद्र शब्दो का प्रयोग करने लगे, जिससे चुनाव अधिकारी के पद की गरिमा को आघात पहुँचा । चुनाव अधिकारी इस मौके पर यह घोषणा करते हुये कि मतदान के लिये नीचे चालक कक्ष में आ जाये और बैठक हाल को छोडकर चालक कक्ष में चले गये ।

साथियों, फेडरेशन के नियमानुसार मात्र 37 योग्य मतदाता बैठक में उपस्थित थे, इसके अतिरिक्त 6 राज्यों के प्रतिनिधि सदस्यता शुल्क का भुगतान 2016 से 2019 तक का जमा ना कराने के कारण मतदान करने के लिये अयोग्य थे और उन्ही राज्यों के प्रतिनिधियों ने मतदान नही होने दिया क्योकि उन्हे अपना अपमान महसूस हो रहा होगा । बैठक में बिना आमंत्रित किये हुये लोग भी थे जिनका चुनाव प्रक्रिया से कोई लेना देना नही था ।

नरेन्द्र सिंह

चुनाव अधिकारी के बैठक हाल से चले जाने के बाद उपस्थित लोग अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे झगडे पर उतारू थे नियमाविरूद्व कार्यवाही कर रहे थे जिसको रोकने की मैने पूरी कोशिश की ताकि दिल्ली में उना, हिमाचल वाला माहोल ना बन जाये जिससे कि मेरे मनोबल को आघात पहुॅचा है । जैसा कि सदस्यता शुल्क के भुगतान के दोषी और कुछ अन्य बिना आमंत्रित लोगो के कारण चुनाव प्रकिया पूरी नही हो पाई अतः मै चुनाव अधिकारी की रिर्पोट को पूर्ण रूप से वैद्य मानता हूॅ जिसे मै पहले ही व्हाटसएप के माध्यम से जारी कर चुका हूॅ । अतः उपरोक्त परिस्थितियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये तारीख निश्चित करके सूचित कर दिया जायेगा जिसमें प्राप्त नामांकन पत्रों के आधार पर चुनाव होगा । नवनिवार्चित कार्यकारिणी की बैठक शीघ्र ही बुलाई जायेगी जिसमे नई कार्यकारिणी में मनोनित सदस्यो को नामिति करके पूरी कार्यकारिणी का गठन भी कर दिया जायेगा । राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव तक श्री मिलन राज वंशी कार्यकारी अध्यक्ष रहेगे ।

साथियों, मै आप सभी साथियों से पुनः अनुरोध करता हूॅ फेडरेशन और चालकों की मर्यादा और एकता को बनाये रखने के लिये आपका सहयोग अनिवार्य है ।

नरेन्द्र सिहॅ

(नरेन्द्र सिहॅ)
महासचिव

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. श्री मिलन राज वंशी, कार्यकारी अध्यक्ष, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन, कोहिमा, नागालेण्ड ।
2. अध्यक्ष / महासचिव सभी प्रांतीय एवं केन्द्र सरकार राजकीय वाहन चालक समितिया / संघ / महासंघ ।

नरेन्द्र सिहॅ
महासचिव